हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–89 : जौनपुर, सोमवार 23 मई 2022 | सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) | पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी सरकार ने राशन कार्ड सरेंडर व रिकवरी को लेकर स्थिति किया साफ

लखनऊ ब्यूरो : अपात्रों से राशन कार्ड रिकवरी कराने की खबर के बाद यूपी सरकार को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा है। प्रदेश सरकार ने साफ किया है कि उसने ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है। खाद्य एवं रसद आयुक्त सौसभ बाबू ने कहा है कि उनकी तरफ से अपात्रों से राशन कार्ड सरेंडर कराने या उनसे रिकवरी कराने के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। राशन कार्ड का सत्यापन एक नियमित प्रक्रिया है। गृहस्थी राशनकार्डों की पात्रता या अपात्रता के संबंध में सात अक्तूबर, 2014 को शासनादेश जारी कर मानक निर्धारित किए गए थे जिनमें अभी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनांतर्गत आवंटित पक्का मकान, विद्युत कनेक्शन, एक मात्र शस्त्र लाइसेंस धारक, मोटरसाइकिल स्वामी, मुर्गी पालन या गौ पालन होने के आधार पर किसी भी कार्डधारक को अपात्र घोषित नहीं किया जा सकता है। नियम के अनुसार, जिस व्यक्ति के नाम पर कम से कम 100 वर्गमीटर से अधिक का प्लॉट, मकान या फ्लैट है तो वह भी राशन कार्ड रखने के योग्य नहीं है। एक नियम ये भी है कि जिस व्यक्ति के पास फोर–व्हीलर है, ट्रैक्टर या हार्वेस्टर है तो ऐसा व्यक्ति भी राशन कार्ड रखने का पात्र नहीं है। इसके अलावा जिस व्यक्ति के घर में एयर कंडीशनर है तो वह व्यक्ति राशन कार्ड रखने का पात्र नहीं है। नियम के अनुसार, परिवार की आय भी राशन कार्ड रखने को लेकर पात्रता तय करती है। ग्रामीण क्षेत्र में जिस व्यक्ति के परिवार की आय दो लाख रुपये वार्षिक और शहरों में तीन लाख रुपये वार्षिक है तो वह व्यक्ति भी राशन कार्ड रखने का पात्र नहीं है। जिस व्यक्ति के पास 5केवीए क्षमता का जनरेटर है या उसके घर में एक से अधिक शस्त्र लाइसेंस है तो वह व्यक्ति भी राशन कार्ड रखने का अधिकारी नहीं है। जिस व्यक्ति के पास



पांच एकड़ से ज्यादा सिंचाई योग्य भूमि है तो वह व्यक्ति भी राशन कार्ड रखने का पात्र नहीं है। नहीं की जा सकती है वसूली खाद्य आयुक्त के मुताबिक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 तथा प्रचलित शासनादेशों में अपात्र कार्डधारकों से वसूली जैसी कोई व्यवस्था निर्धारित नहीं है। इस संबंध में कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि विभाग सदैव पात्र कार्ड धारकों को नियमानुसार उनकी पात्रता के अनुरूप नवीन राशनकार्ड जारी करता है। एक अप्रैल, 2020 से अब तक प्रदेश में कुल 29.53 लाख नए राशनकार्ड विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को जारी किए गए हैं। कैसे पैदा हो गई भ्रम की स्थिति अहम सवाल यह है कि प्रदेश में राशन कार्ड सरेंडर को लेकर आखिर यह भ्रम की स्थिति कैसे पैदा हो गई। विभिन्न जिलों में जिलाधिकारियों ने अपात्रों को राशन कार्ड सरेंडर करने और न करने की स्थिति में रिकवरी कराने के आदेश जारी कर दिए। जिलों में जगह–जगह मुनादी तक कराई गई। मीडिया और सोशल मीडिया में यह मुद्दा जोरों से उठा। इसका परिणाम यह रहा कि भ्रामक सूचनाओं के आधार पर लोग अपना राशन कार्ड निरस्त कराने के लिए आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर काटने लगे। विपक्षी दल भी इस मुद्दे को जोरशोर से उठाने लगे। इसके बाद सरकार को इस बाबत स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा।

## नेपाल : तिब्बतियों से अमेरिकी मंत्री की मुलाकात के बाद सांसत में देउबा सरकार

नई दिल्ली एजेंसी : नेपाल आईं अमेरिका की नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र, और मानव अधिकार उप मंत्री उजरा जेया की यहां तिब्बती शरणार्थियों से मुलाकात से नेपाल सरकार असमंजस में है। जेया जो बाइडन प्रशासन में तिब्बती मामलों की प्रभारी भी हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने यहां तिब्बती शरणार्थियों के नेताओं से मुलाकात की। इसके पहले जेया ने भारत की यात्रा की, जहां धर्मशाला में जाकर उन्होंने तिब्बती नेता दलाई लामा से मुलाकात की। जेया की इस यात्रा को तिब्बत के मुद्दे पर चीन पर दबाव बढ़ाने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा समझा जा रहा है। अखबार काठमांडू पोस्ट ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया है कि जेया की शनिवार को ज्वालाखेल में तिब्बती शरणार्थी नेताओं से बातचीत हुई। ये मुलाकात एक घंटे से ज्यादा समय तक चली। ज्वालाखेल स्थित तिब्बती कैंप जाने से पहले जेया ने कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं से भेंट की और उनसे तिब्बती शरणार्थियों से जुड़े मसलों पर जानकारी हासिल की। शनिवार शाम को वे बौद्ध क्षेत्र में गईं, जहां बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। चीन से नेपाल ने किया है ये वादा एक तिब्बती शरणार्थी नेता के हवाले से काठमांडू पोस्ट ने बताया है कि नेपाल यात्रा खत्म करने के पहले जेया ने काठमांडू में कई तिब्बती शिविरों का दौरा किया। एक शरणार्थी नेता ने इस अखबार से कहा– 'हमने मुख्य रूप से उन समस्याओं की जानकारी उन्हें दी, जिनका सामना हमें यहां दस्तावेजों और पहचान पत्र के अभाव में करना पड़ता है।' शुक्रवार को अपनी नियमित प्रेस ब्रीफिंग में नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सेवा लामसल ने इस बात की जानकारी होने से इनकार किया था कि उजरा जेया का काठमांडू में तिब्बती शरणार्थियों से मिलने का कोई कार्यक्रम है। शनिवार और रविवार को भी इस बारे में नेपाल सरकार की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की



गई। विश्लेषकों के मुताबिक तिब्बतियों के मामले में नेपाल सरकार हमेशा ही चीन की चिंताओं को लेकर संवेदनशील रही है। उसने बार–बार कहा है कि वह किसी को नेपाल की जमीन का इस्तेमाल चीन विरोधी गतिविधि के लिए नहीं करने देगी। इसीलिए ताजा घटना पर नेपाल सरकार की चुप्पी को उसकी दुविधा का संकेत समझा जा रहा है। उजरा ने नहीं किया नेपाल सरकार की इच्छा का सम्मान हाल में नेपाल की नीति में अमेरिका की तरफ स्पष्ट झुकाव आया है। अमेरिकी संस्था मिलेनियम चौलेंज कॉरपोरेशन से 50 करोड़ डॉलर की मदद स्वीकार करने के बाद नेपाल की मौजूदा शेर बहादुर देउबा सरकार ने यूक्रेन युद्ध के मामले में अमेरिकी रुख के अनुरूप नीति अपनाई। जेया की नेपाल यात्रा और यहां तिब्बतियों से उनकी मुलाकात को इसी सिलसिले से जोड़ कर देखा जा रहा है। पर्यवेक्षकों ने कहा है कि इस यात्रा पर अवश्य ही चीन का ध्यान रहा होगा। सरकारी सूत्रों ने काठमांडू पोस्ट से कहा है कि अमेरिकी पक्ष को पहले ही नेपाल सरकार ने संदेश दिया था कि वह यहां तिब्बत का मसला ना उठाए। लेकिन संभवतया उजरा जेया ने नेपाल सरकार की इच्छा का सम्मान नहीं किया। तिब्बतियों से उनकी मुलाकात के बारे में नेपाल के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मणि पोखारेल ने कहा– मैंने मुलाकात के बारे में सुना है। लेकिन आधिकारिक रूप से सुरक्षा एजेंसियों ने कोई सूचना नहीं दी, क्योंकि शनिवार को सार्वजनिक छुट्टी थी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## कायस्थों को साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में रविवार शाम आयोजित संगत–पंगत साथ ही फल की उड़ान के कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राज्य सभा सदस्य आरके सिन्हा ने कहा कि कायस्थों के कल्याण के लिए सभी को साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा संगठन



की मजबूती एकता में ही है। बताया कि संगत–पंगत के पदाधिकारियों में डाक्टरों को भी जोड़ा जा रहा है, जिससे जरूरत के समय लोगों को मदद मिल सके। उन्होंने यह बातें रविवार को नगर के एक लान में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उनके साथ मशहूर हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने मौजूदा माहौल पर शर्मा ने कहा कि देश को एक राममंदिर को नहीं, बल्कि हर जगह राममंदिर बनवाने की जरूरत है। इसके कवि सम्मेलन की शुरूआत हुई, जो देररात तक चलता रहा। इस दौरान संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव कार्यक्रम संयोजक राकेश श्रीवास्तव , राजेश श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जेसीआई सिखाती है नेतृत्व करने की कला: संजय रूंथाला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में 'लीडिंग इज आवर ड्यूटी' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में डा. संदीप पाण्डेय और संस्था के सदस्यों ने राष्ट्रीय प्रशिक्षक संजय रूंथाला जी का बुकें देकर स्वागत किया। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को नेतृत्व करने की कला के संदर्भ में बहुत सी बातें बतायी। साथ ही साथ परिवार की एकजुटता और उसके महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखकर हम अपने रिश्तों को और भी मजबूत कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में अन्तरराष्ट्रीय ट्रेनर मिर्जा डाबर बेग और मण्डल प्रशिक्षक अभिनव चौरसिया भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षक संजय रूंथाला द्वारा दी गई इस ट्रेनिंग के द्वारा जेसीआई जौनपुर नेतृत्व के क्षेत्र में और आगे बढ़ेगा। पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष गौरव सेठ, पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, राकेश जायसवाल ने इस तरह का आयोजन करने के लिये डा. संदीप पाण्डेय की सराहना की। ट्रेनिंग के उपरान्त भरत




सेठ, मनीष चौरसिया, नीलम जायसवाल और गायत्री जायसवाल ने बताया कि इस ट्रेनिंग के द्वारा जीवन के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। अंत में डा. संदीप पाण्डेय ने सभी पूर्व अध्यक्षों के साथ प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर सोनी जायसवाल, मंजू जायसवाल, कंचन पाण्डेय, सर्वेश जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, आशुतोष जायसवाल, दिलीप जायसवाल, कृष्ण गोपाल, आकाश केसरवानी, आरिफ अंसारी, मोहित सेठ, अजय गुप्ता, संतोष मेडिकल, रंजीत सिंह सोनू, रामकृपाल जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, अतुल जायसवाल, नीलम जायसवाल, प्रीति जायसवाल, मीनू श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, बबिता जायसवाल, सिमरन तिवारी, सीमा अग्रहरी आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन ट्रेनिंग उपाध्यक्ष विशाल तिवारी ने किया।

## स्कूल चलो अभियान : लखनऊ कानपुर जैसे 28 जिलों से जवाब तलब : बेसिक शिक्षा निदेशक ने दिए लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में नए बच्चों का नामांकन कराने में कई जिले पिछड़ गए हैं। इनमें सबसे पीछे महोबा है, यहां 56.52 प्रतिशत ही लक्ष्य पूरा हुआ है। अन्य पिछड़े जिलों में दूसरे से नौवें नंबर तक क्रमशः गोरखपुर, आगरा, बागपत, सोनभद्र, ललितपुर, औरैया, मथुरा व मैनपुरी जिले ऐसे हैं जहां नामांकन 75 फीसदी तक नहीं हो सका है। लखनऊ, कानपुर समेत कई प्रमुख जिलों में भी 90 फीसदी से कम नामांकन हुआ है। शासन स्तर पर नामांकनों की समीक्षा के बाद बेसिक शिक्षा निदेशक ने फिसड्डी 28 जिलों से जवाब–तलब किया है। उन्होंने सभी जिलों को हरहाल में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सभी बीएसए को पत्र भेजा गया है। कहां, कितने प्रतिशत नामांकन महोबा 56.52, गोरखपुर 64.26, आगरा 68.83, बागपत 69.45, सोनभद्र 70.99, ललितपुर 71.79, औरैया 71.96, मथुरा 72.76, मैनपुरी 73.66, बस्ती 75.40, एटा 75.73, मऊ 78.17, आजमगढ़ 78.65, सहारनपुर 79.43, सुल्तानपुर 79.90, गोंडा 80.06, श्रावस्ती 83.03, गाजियाबाद 83.34, संभल 84.22, फर्रुखाबाद 85.01, लखनऊ 85.39, कानपुर नगर 87.07, कन्नौज 87.83, सीतापुर 88.22, खीरी 88.63, कुशीनगर 88.64, बलरामपुर 88.84 और अयोध्या 89.56। अब जुलाई में लक्ष्य पूरा करने की कोशिश शासन व बेसिक शिक्षा विभाग ने समीक्षा कर जब तक इन जिलों को बकाया लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए, तब तक गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गईं। अधिकारियों के अनुसार एक–दो दिन के समय में कुछ जिलों ने अपने यहां नामांकन बढ़ाया भी है, लेकिन ज्यादातर जिलों की स्थिति ठीक नहीं हुई। ऐसे में अब जुलाई में स्कूल खुलने पर लक्ष्य पूरा करने की कोशिश होगी।

## वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें: डॉ. पंकज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित सोमवार को एक दिवसीय वेबिनार में मुख्य वक्ता जिला सूचना अधिकारी भदोही डा. पंकज कुमार ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विविध आयामों पर चर्चा की। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के संरक्षकत्व में सड़क सुरक्षा विषयक वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डा. पंकज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में 19 मई से 18 जून तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है, जिसके अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जन जागरूकता व प्रवर्तन क्रियान्वयन पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2021 में कुल 37729 सड़क दुर्घटना में 21227 लोगों की मृत्यु हुई है तथा सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु वर्ष 2015 से उत्तर प्रदेश निरन्तर रुप से प्रथम स्थान पर बना हुआ है जो कि अत्यधिक चिन्ता का कारण है। प्रदेश में प्रत्येक 2 घंटे में 5 व्यक्ति सड़क दुर्घटना में मृत्यु का शिकार होते है। उन्होने सड़क जनजागरूकता एवं प्रचार प्रसार करते हुए सभी को सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करे, नशे में व रांग साइड से तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, बिना लाइसेन्स के वाहन न चलायें, अपने लेन में ही वाहन चलायें, पार्किंग के नियमों का पालन अवश्य करें। उन्होनें सभी जनमानस व दुकानदारों से अपील किया कि सड़कों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने अवैध टैक्सी/बस स्टैण्डों व अवैध पार्किंगों को हटाने पर बल दिया। उन्होंने अपील किया कि आइयें, हम सब यातायात नियमो का पालन करने का संकल्प लें। एक सभ्य नागरिक होने के दायित्व का निर्वहन करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी कार्यक्रम से जुड़े। संचालन शशिकान्त यादव और स्वागत डा. श्याम कहैन्या सिंह ने किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला का जिलाधिकारी नें किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, करंजाकला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी फार्मासिस्ट सत्यलाल यादव से की गई। मौके पर सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध मिली, कुत्ते की सुई भी पर्याप्त संख्या में संख्या में उपलब्ध थी। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी दवा एक्सपायर न होने पाए। स्टाफ नर्स काफी दिन से अनुपस्थित मिली जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनकी संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जो भी कर्मचारी कोविड–19 के ड्यूटी के लिए कंट्रोल रूम में लगाए गए हैं, अगर उनकी आवश्यकता कंट्रोल रूम में न हो तो उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पुनः भेज दिया जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह को निर्देश दिया कि सभी सी.एच.सी पर सी.सी.टी.वी लगाया जाए ताकि जनपद मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से ही चिकित्सकों की उपस्थिति देखी जा सके। जिलाधिकारी के द्वारा टी.बी के कुल मरीजों की संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिस पर एमओआईसी योगेश प्रताप सिंह के द्वारा बताया गया कि 114 मरीजों की दवा चल रही है, लगातार उनकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीएचसी के बाहर डॉक्टर का नाम, बैठने का समय के बोर्ड लगाया जाए एवं रात में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर का नाम लिखवाया जाए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार करते हुए उनका इलाज किया जाए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल, जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह, लैब असिस्टेंट धीरज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यक्तित्व विकास में भावना की अहम् भूमिका : प्रो.निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय के आई बी एम भवन में व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में संवेगात्मक विकास पर चर्चा हुई। नैक मूल्यांकन के दृष्टिगत प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर सांस्कृतिक परिषद के उपसमन्वयक डॉ. रसिकेश ने एक प्रयोग के तौर पर प्रबंध अध्ययन संकाय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। संरक्षक व मुख्य अतिथि प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने श्री गणेश व माँ सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि भावनाओं को समझना और उनको जीना ही व्यक्तित्व विकास का प्रथम चरण है इसलिए परिवार में इंसान खुद को सुरक्षित महसूस होता है।संवेगात्मक विकास एक अहम भूमिका निभाता है व्यक्तित्व विकास में, प्रो. मौर्य ने डॉ रसिकेश से भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों को कराने का निर्देश भी दिया।कार्यक्रम के संयोजक व मुख्य वक्ता डॉ. रसिकेश ने कहा कि भावनाओं को रणनीतिक तरीके से संतुलित किया जा सकता है , भावनाओं को हमेशा सम्हालकर और लोगों को समझकर जिंदगी को आसान किया जा सकता है। कार्यक्रम में कहानी हाउस हाउस का मंचन किया गया। इसमें साक्षी दूबे , आनंद सिंह , अभिषेक यादव , आकांछा शशिकांत पांडे , सुप्रिया चौबे , हर्षित



मिश्रा , गरिमा सिंह ने अपना रोल करके भावनाओं के विकास के महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन अर्पिता सिंह ने किया। कार्यक्रम में निधि तिवारी व अनमोल साहू ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की इवेंट हेड अंकिता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मानस पांडेय ,प्रो अविनाश , डॉ आशुतोष कुमार सिंह , डॉ प्रमेन्द्र विक्रम सिंह , मनोज त्रिपाठी , अंजली यादव , साक्षी शर्मा , अलका अस्थाना , रितिक पांडेय , शीतल शर्मा सहित विभिन्न शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

### 26 मई को होगी स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान की मौखिकी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजा श्री कृष्ण दत्त पी जी कालेज जौनपुर के एम ए द्वितीय वर्ष (2दक) राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों की मौखिकी एग्जाम 26.05.2022 दिन गुरुवार को सुबह महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्रातः 7.30 बजे से प्रारम्भ होगी। सभी अपने प्रवेश पत्र और आधार कार्ड के साथ समय से अनिवार्य रूप से उपस्थित होगे। यह जानकारी विभाग के विभागाध्यक्ष कैप्टन (डॉक्टर) अखिलेश्वर शुक्ला ने दी है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**योगी न बन सकें तो उपयोंगी अवश्य बनें।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# कब बदलेगी सोच?: महिलाओं के खिलाफ बन्द हो अत्याचार

स्त्रियों का निरंतर उत्पीड़न करते–करते पुरुष उन्हें ऐसी अवस्था में पहुंचा देते हैं कि कई बार स्त्रियों को मार डालने की भी जरूरत नहीं पड़ती, वे खुद ही अपने आप को खत्म कर डालती हैं।

पिछले दिनों मुंबई के ठाणे इलाके में एक बैंककर्मी ने सुबह–सुबह पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी का अपराध यह था कि नाश्ते में उसने पति को साबूदाने की जो खिचड़ी दी थी, उसमें नमक अधिक पड़ गया था। पति को इतना गुस्सा आया कि नाश्ता छोड़कर उसने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। पिटाई के बाद भी उसका जी नहीं भरा, तो वह उसे बेडरूम में ले गया, जहां उसके गले में रस्सी डालकर जोर से खींचने लगा। बारह साल के स्तब्ध और डरे हुए बेटे ने नानी और मामा को फोन किया, तो इस घटना का पता चला और उस स्त्री को आनन–फानन अस्पताल ले जाया गया। लेकिन पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पति गिरफ्तार हुआ। पर अपने गर्हित अपराध पर दुखी और शर्मिंदा हुए बगैर उसने पुलिस को बताया कि वह हाई ब्लड प्रेशर का मरीज है, पत्नी को यह पता था। ऐसे में, उसे खिचड़ी में ज्यादा नमक डालना ही नहीं चाहिए था।

यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। एक बेचारी औरत खाने में ज्यादा नमक डालने के जुर्म में पति की मार खाते–खाते मर गई। पति को दुख और अफसोस होना तो दूर, पुलिस के सामने भी वह मर चुकी पत्नी को दोषी ठहराने में लगा हुआ था। क्या इसका मतलब यही नहीं है कि जो स्त्री अपने पुरुष के स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख सकती, उसका मर जाना अच्छा है? समाज में स्त्री की जगह का पता इसी से चलता है कि खाना अच्छा न बनाने जैसे मामूली मुद्दे पर भारतीय उपमहाद्वीप की अनेक स्त्रियां मारी जाती हैं। इस साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक स्त्री सिर्फ इसलिए अपने पति के हाथों मारी गई थी, क्योंकि उसने उसे रात का खाना देने से मना कर दिया था। एक औरत सिर्फ इसलिए मारी गई, क्योंकि उसने पति को भोजन के साथ सलाद नहीं दिया था! बंगलूरू में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को सिर्फ इसलिए मार डाला कि उसने फ्रायड चिकन उतना अच्छा नहीं बनाया था, जितना उसने सोचा था। भोजन परोसने में देरी भी कई बार स्त्रियों की हत्या का कारण बन जाती है।

इन सब घटनाओं के बारे में पढ़ने–सुनने के बाद सबसे पहला सवाल यही पैदा होता है कि क्या हम सचमुच सभ्य दुनिया में रह रहे हैं। औरतों के प्रति आखिर इतनी घृणा क्यों है कि मामूली कारणों से उनकी हत्या कर दी जाए? घर की स्त्रियों के प्रति आम पुरुषों को इतनी घृणा है कि वे सिर्फ उनका मानसिक उत्पीड़न कर ही शांत नहीं होते, बल्कि थप्पड़, लात, घूंसे मारकर, घर से बाहर कर अपना गुस्सा भी निकालते हैं। उनके अवचेतन में यह सोच जड़ जमाए बैठी है कि बतौर पुरुष अपनी स्त्रियों पर गुस्सा निकालने का, जुल्म करने का अधिकार उन्हें है। कई बार इस पर भी हैरानी होती है कि स्त्रियां यह सब कुछ चुपचाप सहन कैसे कर लेती हैं! फिर ख्याल आता है कि भले ही यह 21वीं सदी है, लेकिन इस उपमहाद्वीप की स्त्रियों को अब भी पुरुषवर्चस्ववाद का सामना करना पड़ता है। अगर वे विरोध करती हैं, तो समाज तो दूर, परिवार की दूसरी स्त्रियां ही उनका साथ नहीं देतीं।

प. बंगाल के बहरमपुर में एक युवक ने साथ पढ़ने वाली एक युवती की भरी भीड़ में इसलिए हत्या कर दी कि वह युवती किसी दूसरे युवक से बात करती थी। पुरुष सिर्फ अपनी पत्नियों को ही व्यक्तिगत संपत्ति नहीं समझते, अपने साथ पढ़ने और काम करने वाली लड़कियों को भी अपनी संपत्ति समझने की खुशफहमी पाल लेते हैं। बहरमपुर का वह जुनूनी युवा उस युवती को लगातार चाकू मारकर ही शांत नहीं हुआ, थाने में जाकर पुलिस से उसने बार–बार यही पूछा कि वह लड़की मर तो गई है न। पश्चिम बंगाल के ही हांसखाली में दोस्त के जन्मदिन में गई युवती की बलात्कार के बाद हत्या ऐसी ही एक नृशंस घटना है, जिस पर काफी हंगामा भी हुआ।

स्त्रियों का निरंतर उत्पीड़न करते–करते पुरुष उन्हें ऐसी अवस्था में पहुंचा देते हैं कि कई बार स्त्रियों को मार डालने की भी जरूरत नहीं पड़ती, वे खुद ही अपने आप को खत्म कर डालती हैं। और इस तरह वे पुरुषों का काम आसान कर देती हैं। क्या आपको आई.आई.टी. की पीएच.डी. स्कॉलर 28 साल की मंजुला देव की याद है, जिसने पति के अत्याचार से तंग आकर एक दिन फांसी लगा ली थी? हमेशा हंसने वाली मंजुला को ऐसा भीषण कदम क्यों उठाना पड़ा? क्योंकि उसका पति मायके से 25 लाख का दहेज लाने के लिए उसे तंग करता था। कोई कामकाज न करने वाला मंजुला का पति एक दिन अपना घर छोड़कर उसके फ्लैट में आ धमका था। उसकी जिद थी कि मंजुला मायके से 25 लाख रुपये लाकर उसे दे, जिससे कि वह अपना कोई कारोबार शुरू कर सके। उसे पत्नी की पढ़ाई और करियर की कोई चिंता नहीं थी। पति के अत्याचार से तंग आकर एक दिन मंजुला ने फांसी लगाकर अपनी जिंदगी खत्म कर दी।

मंजुला की आत्महत्या के बाद उसके स्तब्ध कातर पिता ने कहा था, 'बेटी को आई.आई.टी. में भेजकर मैंने बहुत बड़ी गलती की। इसके बजाय वह पैसा अगर मैं उसके दहेज के लिए रखता, तो आज वह जिंदा होती।' जब उनसे पूछा गया कि इतने लालची परिवार में उन्होंने अपनी बेटी की शादी क्यों की, तो उनका कहना था कि 'दोनों की कुंडली मिलती थी।' इस पर कोई विचार नहीं करता कि कुंडली मिलने के बावजूद मंजुला की शादी सुखद नहीं रही। यह कटु सामाजिक सच्चाई है कि आधुनिक शिक्षा प्राप्त परिवार भी शादी–विवाह के मामले में घनघोर परंपरावादी होते हैं और वे स्त्रियों के अधिकारों की तुलना में कुंडली और दहेज को ज्यादा जरूरी और महत्वपूर्ण मानते हैं। इस उपमहाद्वीप में स्त्रियां अगर सामाजिक रूप से पिछड़ी, शोषित और उपेक्षित हैं, तो उसका एक बड़ा कारण दहेज प्रथा भी है। सजग–शिक्षित परिवार भी बेटियों के लिए दहेज इकट्ठा करना उन्हें शिक्षित करने से ज्यादा जरूरी समझते हैं।


लेकिन ऐसा भी नहीं है कि दहेज देना ससुराल में बहुओं की सुरक्षा की गारंटी है। भरपूर दहेज देने के बाद भी स्त्रियां ससुराल में अपने रंग–रूप और कमतर शिक्षा के लिए अक्सर ताने सुनती हैं। दरअसल समाज में यह सोच सदियों से जड़ जमाए बैठी है कि स्त्रियां पुरुषों की तुलना में हीन होती हैं। इसलिए बात–बेबात उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश होती है। इस 21वीं सदी में शिक्षा से लेकर खेल–कूद तक–जीवन के हर क्षेत्र में स्त्रियां खुद को साबित कर रही हैं। इसके बावजूद स्त्रियों के खिलाफ होने वाले अत्याचार की कहानियां बताती हैं कि उनके प्रति समाज की सोच बदलना अभी बाकी है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।


# साक्षात हैं प्रमाण लेकिन फिर भी हो रहा हिंदू आस्था का अपमान आखिर कब तक : मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) विश्व संवाद केन्द्र के समीक्षक मृत्युंजय दीक्षित के अनुसार अयोध्या विवाद के समाधान के बाद अब काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में शाही ईदगाह विवाद भी निर्णायक दौर में पहुंच रहे हैं । ज्ञातव्य है कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ के समय से ही उत्तर प्रदेश में हिन्दू आस्था के तीन प्रमुख केन्द्रों को हिन्दुओं को सौंपे जाने की मांग हो रही है । इनमें श्री राम जन्म भूमि के अतिरिक्त जो दो अन्य केंद्र हैं वे श्री कृष्ण जन्मभूमि तथा ज्ञानवापी परिसर जिसके अन्दर प्राचीन श्री विश्वेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग विद्यमान माने जाते हैं । जब से काशी के ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण का आरम्भ हुआ, वहां से लगातार उस स्थल के प्राचीन मंदिर होने के प्रमाण सामने आ रहे थे और अंतिम दिन तो शिवलिंग ही प्राप्त हो गया। प्राचीन मंदिर मिलने के बाद जहाँ पूरे देशभर में शिवभक्तों में प्रसन्नता और हर्ष की लहर दौड़ गयी वहीँ सेकुलर राजनैतिक दलों ने अपनी विकृत राजनीति शुरू कर दी । भाजपा विरोधी सभी राजनैतिक दलों के नेता और उनके सहयोगी इस समय टीवी चौनलों पर आकर तथा सोशल मीडिया में न केवल हिंदू समाज, भाजपा व संघ के खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी कर रहे हैं वरन भगवान शिव, शिवलिंग और सनातन धर्म पर भी अभद्र टिप्पणी करके देश का वातावरण जहरीला बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यह सत्य सामने आ चुका है कि ज्ञानवापी परिसर के वजूखाने वाले स्थान पर शिविलिंग उपस्थित है। देश के मान्य पुरातत्वविद, इतिहासविद तथा मद्रास सहित कई आईआईटी प्रोफेसर पुष्टि कर रहे हैं कि यह शिवलिंग ही है, जबकि दूसरा क्यां पक्ष शरारती तौर ओपर इसे फौवारा कहकर उपहास करने का प्रयत्न कर रहा है। क्योंकि अभी मामला न्यायालय में है अतः अंतिम निर्णय भी वहीं होगा कि यह क्या है। जैसे ही वादी पक्ष द्वारा ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया उसी समय से इन सभी हिंदू विरोधी ताकतों में हाहाकार मच गया और वे अनर्गल प्रलाप करने लगे । चुनाव प्रचार के दौरान ये मक्कार दल अपने आपको सबसे बड़ा हिंदू साबित करने में लगे थे और मंदिर – मंदिर घूम रहे थे, कोई नेता अपने आपको शिवभक्त बता रहा था तो कोई रामभक्त और किसी के सपनों में सीधे श्री कृष्ण ही आने लगे थे लेकिन ज्ञानवापी की असलियत सामने आते ही इनकी भी असलियत सामने आ गयी। ज्ञानवापी विवाद पर जब मुस्लिम पक्षकार ने कहा कि वहां पर शिवलिंग नहीं फौवारा मिला है तो सबसे पहले कांग्रेस के नेताओं ने भी यही बयान देकर मुसलमानों को कांग्रेस के उनके साथ खड़ा होने का संदेश दे दिया था । इसके बाद तो होड़ सी लग गयी। सपा, बसपा, टीमसी सहित वामपंथी विचारधारा के लोग सोशल मीडिया पर लगातार भगवान शिव तथा शिवलिंग पर बहुत ही अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। तीन महिला मुस्लिम पत्रकारों तथा टीएमसी सांसद तथा हिन्दू कॉलेज के एक अध्यापक ने तो नीचता की सारी सीमाएं ही लांघ दीं । यह टिप्पणियां इतनी अश्लील और अभद्र है कि इनका उल्लेख नहीं किया जा सकता। यह हिंदू समाज का धैर्य ही है कि वह इनता सब कुछ सुनकर भी शांत रहकर माननीय न्यायपालिका पर भरोसा रखते हुए अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है। अभी जब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल ही रही थी उसी दिन (शुक्रवार 20.05.20222) को जिस प्रकार से मुस्लिम समाज ने ज्ञानवापी मस्जिद मे निर्धारत संख्या से अधिक जाकर नमाज अदा करने की कोशिश की वह यह बताता है कि एक पक्ष में धैर्य की कितनी कमी है और वह भीड़ की ताकत के बल पर हिंदू समाज को भी धमकाना चाह रहा है और देश की न्यायपालिका को भी परोक्ष रूप से धमकाना चाह रहा था। लेकिन देश की न्यायपालिका बहुत ही मजबूत कंधों पर स्थित है और वह किसी भी पक्ष के दबाव में आये बिना अपना काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी मुस्लिम पक्षकार विवाद के चलते साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने की धमकी दे रहे थे लेकिन माननीय न्यायालय उनके दबाव में नहीं आया और संतुलन स्थापित करते हुए सराहनीय आदेश दिया। कुछ राजनैतिक दल कितनी नीचता पर उतरे हुए हैं इसका अनुमान लखनऊ विश्व विद्यालय की एक घटना से लगाया जा सकता है जहाँ एक प्रोफेसर ने भगवान शिव, शिवलिंग व हिंदू देवी– देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करके वातावरण को खराब करने का प्रयास किया। जब प्रशासन ने उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू की तब पर्दे के पीछे से जो राजनैतिक दल उनको अपना संरक्षण प्रदान कर रहे थे, वह सभी दल बाहर आ गये। विश्व विद्यालय के रिटायर्ड शिक्षकों सहित सपा, बसपा, वामपंथी, छात्र संगठनों के समूह सहित प्रदेश की राजनीति में अपनी जमीन खो चुके भीम आर्मी प्रमुख चंद्रषेखर रावण भी मैदान में कूद पड़े।









भगवान शिव का अपमान करने वाले प्रोफेसर के समर्थन में चंद्रषेखर रावण ने कहा कि वह सरकार से जवाब मागेंगे कि उप्र में यूपी में कानून का राज है या फिर मनुस्मृति का ? यह सभी दल चाहते हैं कि हिंदू समाज के लोग केवल और केवल अपना अपमान सहते रहें और उसके खिलाफ आवाज भी न उठायें। इन सेकुलर ताकतों की नजर में हिंदू समाज के पास अभिव्यक्ति की आजादी का व उसकी रक्षा करने का भी अधिकार नहीं प्राप्त है जबकि तथाकथित अल्पसंख्यक समाज के लिए नकली आंसू बहाना ही सबसे बड़ा सत्य है। विरोधी दलों के बड़े नेता भी नफरत भरे बयान दे रहे हैं। उप्र में समाजवादी नेता अखिलेश यादव जो विधानसभा चुनावों में ब्राहमण समाज के वोटों के लिए लालायित हो रहे थे और अयोध्या के लिए बड़ी– बड़ी घोषणाएं कर रहे थे आज कह रहे हैं कि बीजेपी वाले कुछ भी करा सकते हैं। एक समय में इन लोगों ने रात के अंधेरे में मूर्तियां रखवा दी थीं और यह भी कहा कि हमारे हिंदू धर्म में कहीं भी पत्थर रख दो एक लाल झंडा रख दो पीपल के पेड़ के नीचे तो वह मंदिर हो जाता है। अब अयोध्या, काशी मथुरा जैसे विवादों पर उनकी विकृत सोच का खुलासा हो गया है। सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव की तीखी आलोचना भी हो रही है और उनके खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने के कारण मुकदमा भी लिखा गया है। सपा के संभल से मुस्लिम सांसद शफीकुररहमान बर्क ने कहाकि ज्ञानवापी मस्जिद में कोई शिवलिंग नहीं है, इससे देश का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने आगे कहाकि कतुब मीनार और ज्ञानवापी मस्जिद अभी की नहीं है । इस मुददे को खत्म किया जाये। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जो अपने राज्य में मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते खराब हो रही कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रहे हैं वे कह रहे हैं कि देश में एक नया तमाशा चल रहा है, मतलब हिन्दू आस्था की बात कांग्रेसियों के लिए तमाशा है जबकि वास्तविकता यह है कि असली तमाशा राजस्थान में चल रहा है जिसे पूरा देश देख व समझ रहा है। आज राजस्थान बहुत ही भयावह दौर से गुजर रहा है । अशोक गहलौत को बहुत ही समझदार माना जाता रहा है लेकिन वर्तमान में उन्होंने जो बयान दिये हैं उससे कांग्रेस पार्टी रसातल में ही जायेगी। बसपा नेत्री मायावती भी कह रही हैं कि आजादी के इतने सालों के बाद काशी ,मथुरा, ताजमहल की आड़ में धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा रहा है। यह वही मायावती हैं जिन्होंने विगत विधानसभा चुनावों में अपनी जनसभाओ में ब्राहमण समाज का मत पाने के लिए अपनी जनसभाओं में जयश्रीराम के नारे लगवा दिये थे और मुस्लिम समाज का मत पाने के लिए मुस्लिम लीग जैसी हो गयी थीं। ज्ञानवापी विवाद अब निर्णायक चरण में पहुंच रहा है लेकिन अभी भी कम से कम एक – दो साल का समय तो लग ही जायेगा। यह भी तय हो गया है कि यह मामला अयोध्या की तरह लम्बा नहीं चलने जा रहा है जिसके कारण भी फर्जी सेक्युलर ताकतों के दिलों की धड़कने बहुत तेज हो गयी हैं। ज्ञानवापी विवाद में सर्वे के बाद जब से शिवलिंग मिला है तब से एआईएमआईएम नेता ओवैसी भी बहुत सक्रिय हो गये हैं तथा दिनभर कोई न कोई भड़काऊ बयाबाजी कर रहे हैं। ओवैसी अपने आपको मुस्लिम समाज के बीच सबसे बड़े मुस्लिम नेता के रूप में पेश कर रहे हैं । वहीं जम्मू दृकश्मीर में गुपकार गठबंधन के नेता भी ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग मिलने के बाद बौखलाहट में आकर बयानबाजी कर रहे हैं और देश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इतने वर्षों तक हमारे भगवान किस हाल में थे ये जानने और इसका पता चलने के बाद प्रतिदिन किये जा रहे ईश अपमान के बाद भी हिंदू समाज बहत ही धैर्य व शांति के साथ न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है, यही हिंदुत्व और सनातन की ताकत है कि वो देश में निर्धारित न्याव व्यवस्था से ही आगे बढ़ता है।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी द्वारा आयोजित गौ यज्ञ हुआ सम्पूर्ण : भंडारे में शामिल हुई बड़ी हस्तियां

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी संगठन द्वारा योगी जी के पुनः मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य में चल रहे सात दिवसीय गौयज्ञ, रामकथा गौशाला निर्माण कार्य का पावन कार्यक्रम कल सम्पूर्ण हुआ। संगठन द्वारा आयोजित भण्डारे में प्रदेश के कई मंत्री एवं बड़ी हस्तियां शामिल हुई। भारत में हिन्दू धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा में लगा हुआ संगठन भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पावन पवित्र गौयज्ञ के पूर्णाहुति होने के पश्चात प्रारंभ हुए विशाल भंडारे में उत्तर प्रदेश के चार मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, रमापति राम शास्त्री, दयाशंकर सिंह, राजेश्वर सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा, महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णा लोधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कविता श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव मंजू त्रिवेदी, जिला अध्यक्ष लखनऊ आशीष शुक्ला, उत्तरप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री चाचा दिनेश शर्मा जी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के प्रतिनिधि आदि



गणमान्य व्यक्तियों के साथ देश और प्रदेश के कई कैबिनेट मंत्री, विधायक, दुनिया भर से पधारे धर्माचार्य, महामंडलेश्वर, जगतगुरुओ का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

## सभी पदाधिकारी मिलकर लखनऊ में संगठन को करें मजबूत : मुर्तुजा अली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नगर कार्यालय लखनऊ में आज नगर अध्यक्ष मुर्तुजा अली ने नगर के उपाध्यक्ष और नगर के सचिवों की बैठक की बैठक में नगर के उपाध्यक्ष व सचिवों ने संगठन को मजबूत और विस्तार करने के सिलसिले में अपने अपने विचार रखे प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मुर्तजा अली ने बताया कि वह संगठन के तमाम पदाधिकारियों की अलग–अलग मीटिंग कर कर संगठन को मजबूत और विस्तार करने के सिलसिले में लगातार काम कर रहे हैं ! आज इसी सिलसिले में संगठन के उपाध्यक्ष और सचिवों की मीटिंग बुलाई गई थी और उनको यह निर्देश दिया गया है कि अपने–अपने क्षेत्र में अपने–अपने विधानसभा अध्यक्षों के साथ मिलकर बूथ स्तर की कमेटी का गठन करें। आज की मीटिंग में उपाध्यक्ष अमन मिश्रा , मिर्जा



एहसान बैग, अलीम खान, नगर के महासचिव रंजीत श्रीवास्तव , नगर के सचिव आशीष शर्मा , रियाजउद्दीन सिद्दीकी , ऋषि शर्मा ,नीरज श्रीवास्तव , रणधीर सिंह , संगठन मंत्री संजीव कुमार , कार्यालय प्रभारी मोहम्मद फिरोज , मोहम्मद शाह , सुनीता , नफीस खान, नाजिया आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये गये राजन सिंह बुंदेला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने आज ठाकुर राजन सिंह बुंदेला को प्रदेश का उत्तर प्रदेश के भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है नियुक्ति के अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि राजन सिंह बुंदेला के नेतृत्व में किसान यूनियन में हजारों की संख्या में युवा जुड़ा है, युवा किसानों की समस्याओं को लेकर काफी संवेदनशील है आज किसानों को लेकर के युवाओं की सोच बदली है उनको लगता है कि यदि देश को आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक रूप से समृद्ध बनाना है तो किसानों की समस्याओं को त्वरित निर्णय लेकर हल करना होगा और किसानों को समृद्ध बनाना होगा। तभी हम सही अर्थों में एक मजबूत भारत की मिसाल कायम कर पाएंगे प्रदेश के उपाध्यक्ष राजन सिंह बुंदेला की नियुक्ति को लेकर प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह वर्मा ने कहा कि युवा और किसान मिलकर नए भारत की तस्वीर गढ़ेंगे, किसानों के अनुरूप सरकार की नीतियां बने उसके लिए युवा जमीन पर उतर कर के काम करेंगे आज भी देश के किसानों की स्थिति बेहतर नहीं है उनकी स्थिति में व्यापक सुधार लाने के लिए किसानों को जागरूक करना है उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना है जिससे वह वंचित हैं। राजन सिंह बुंदेला के साथ हजारों युवाओं और क्रांतिकारी नौजवानों ने भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक की



सदस्यता ग्रहण की तथा भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की अपनी नियुक्ति को लेकर के श्री बुंदेला ने कहा कि हम किसान हितों के लिए बराबर संघर्ष करते रहेंगे चाहे वह किसी की भी सरकार हो हम बेबाकी से किसानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखेंगे और उन्हें निस्तारण कराने का कार्य करेंगे पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड और रुहेलखंड से लेकर हरित प्रदेश तक जितनी भी किसानों की समस्याएं हैं उन पर शोध करके नए रास्ते कैसे बनाए जाएं जिससे किसानों का जीवन और कार्यशैली सुगम बनाया जा सके साथ ही श्री बुंदेला ने कहा कि हम नौजवान साथियों को जोड़कर भारत की पारंपरिक व आधुनिक प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करेंगे ताकि प्रदेश के किसानों में समृद्धि आए।

# पिहानी में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ : पुलिस ने दो लोगों को धर दबोचा : भारी मात्रा में सामान जब्त

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) ।पिहानी कोतवाली के अंतर्गत शारदा नहर के किनारे मझियाके एक बाग में पुलिस ने अवैध हथियार फैक्ट्री चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। कोतवाली पिहानी क्षेत्र के शारदा नहर के किनारे मझिया गांव के एक आम के बाग में पुलिस ने अवैध हथियार फैक्ट्री चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साथ ही पुलिस ने शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन पाताल के तहत अभियान चलाया जा रहा है। मझिया निवासी राम बहादुर के आम के बाग में जगरूप निवासी बद्दा पुर मजरा उस्मानपुर कोतवाली पिहानी व संतोष राठौर निवासी बजेहरा कोतवाली पिहानी अवैध शस्त्र फैक्ट्री लगा कर शस्त्र बना रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों के पास से सात तमंचा देसी 12 बोर, दो तमंचा 315 बोर, एक राइफल देसी ,एक कारतूस 12 बोर, एक ड्रिल मशीन




पंखा सहित पुलिस ने बरामद किया। बता दें कि पिहानी पुलिस अपराधियों और अपराध पर लगाम कसने के लिए तरह–तरह की कोशिशों में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाल डीके सिंह व उनकी टीम को गुड वर्क के लिए प्रशंसा की।

## थाना बदलापुर पुलिस ने अवैध रूप से कट्टा बना कर तस्करी करने वाले 04 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन पाताल लोक के क्रम में श्री अजय कुमार साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मय हमराह उ0नि0 अनिल कुमार, का0 जितेन्द्र यादव, का0 बब्लु कुमार, का0 विनोद कुमार थाना बदलापुर जनपद जौनपुर व उ0नि0 हरिश्चन्द्र सिंह प्रभारी चौकी ।.ठें.. नगर, हे0का0 राधेश्याम यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के द्वारा अभियुक्त गण 1. शाबू अली पुत्र फूलेहसन 2. जरीफ पुत्र रहीश 3. मुर्सलिम पुत्र शफी अहमद 4. अतीक पुत्र शफीक समस्त निवासीगण ग्राम शाहपुर मजरा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को दो निर्मित कट्टा व 06 नाल तथा कट्टा बनाने के अन्य उपकरण आरी, रेती, पिलास, पेंचकस, स्प्रिंग, भठ्ठी, हथौड़ी, सैंड पेपर, 1650 रूपये नगद व एक मोबाइल के साथ आज दिनांक 22.05.2022 को समय 17.30 बजे ग्राम फत्तुपुर पीली नदी रेलवे लाइन पुल के पास खंडहर नाजायज असलहे की फैक्टरी/कमरे से मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी /बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0–114/2022 धारा–3/5/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक इतिहास– 1.शाबू अली पुत्र फूलहसन निवासी ग्राम शाहपुर मजरा थाना



भोजपुर जनपद मुरादाबाद। 1.मु0अ0सं0 50/22 धारा 411/420/467/468 भादवि, व 41/102 सीआरपीसी थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद। 2. मु0अ0सं0 114/22 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2. अतीक पुत्र शफीक निवासी ग्राम शाहपुर मजरा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद। 1. मु0अ0सं0 323/2016 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर। 2. मु0अ0सं0 114/22 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–26/21 धारा–147/323/504/506 भादवि थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद। 3. जरीफ पुत्र रहीस निवासी ग्राम शाहपुर मजरा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद। 4. मुर्सलिम पुत्र शफी अहमद निवासी ग्राम शाहपुर मजरा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद। बरामदगी का विवरण– 1. दो निर्मित कट्टा व 06 नाल तथा कट्टा बनाने के अन्य उपकरण आरी, रेती, पिलास, पेंचकस, स्प्रिंग, भठ्ठी, हथौड़ी, सैंड पेपर आदि। 2. 1650 रूपये नगद । 3. एक मोबाइल गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली टीम– 1.प्र0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 हरिश्चन्द्र सिंह प्रभारी चौकी A.B.S. नगर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 3. उ0नि0 अनिल कुमार थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 4. हे0का0 राधेश्याम यादव का0 जितेन्द्र यादव, का0 बब्लु कुमार, का0 विनोद कुमार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

## थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार : कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल व 07 मोबाइल बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0–98/2022 धारा–379/411 भादवि से सम्बन्धित एक अभियुक्त को जंघई रोड स्थित सब्जी मण्डी के पूर्वी गेट के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गयी एक मोटर साइकिल सुपर स्पलेण्डर एवं कुल 07 मोबाईल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। नाम पता अभियुक्तगण– 1.विनोद गौतम पुत्र स्व0 मिठाई लाल निवासी निभापुर थाना मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 98/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक चोरी की मोटर साइकिल सुपर स्पलेण्डर UP62BL4971 एवं 07 मोबाईल टच स्क्रीन भिन्न भिन्न कम्पनियों के कीमत करीब 2 लाख रुपये । गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय, थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 राकेश कुमार राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3.हे0का0 विनोद कुमार सिंह, का0 ओम प्रकाश मिश्रा, का0 गया प्रसाद पटेल, का0 अभिमन्यु यादव, का0 पंकज यादव, का0 अभिषेक पाठक, का0 सुनील कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

## दुष्कर्म पीड़िता की इलाज के दौरान 20वें दिन मौत : गंभीर हालत में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में कराया गया था भर्ती

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में दुबग्गा इलाके में रहने वाली 17 साल की किशोरी से दबंग युवक ने दुष्कर्म किया था। पांच मई को हुई इस वारदात के बाद दूसरे दिन किशोरी की हालत गंभीर हो गई थी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे दो दिन पहले छुट्टी दे दी गई थी। वहीं उसका इलाज घर पर ही चल रहा था, हालत गंभीर होने पर शनिवार को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। सोमवार को किशोरी की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने दुबग्गा के आईआईएम रोड स्थित पावर हाउस चौराहे पर शव रख प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस पर लापरवाही सहित कई गंभीर आरोप लगाये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को मुकदमा दर्ज करने के साथ ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। टांडखेड़ा जेहटा गांव निवासी प्रियांशु यादव ने सोशल मीडिया के जरिए किशोरी से दोस्ती की थी। उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद मिलने जुलने का दौर शुरू हुआ। पांच मई को प्रियांशु ने किशोरी को मिलने के लिए आम्रपाली योजना में बुलाया। जहां खाली प्लॉट में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे मारापीटा। वहीं दुष्कर्म के बाद आरोपी प्रियांशु किशोरी को वहीं छोड़कर भाग गया। 6 मई को किशोरी की तबियत ज्यादा बिगड़ गई। इस दौरान उसे अत्याधिक रक्तस्राव होने लगा। इसकी जानकारी किशोरी के मां को हुई। तो उसने पूछताछ की। तब किशोरी ने पूरी जानकारी दी। दूसरे दिन दर्ज कराया था केस प्रभारी निरीक्षक अनिल प्रकाश सिंह के मुताबिक 6 मई को किशोरी के परिजन थाने पहुंचे थे। जहां लिखिल शिकायत की। जिसके आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो एकट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। उसी दिन आरोपी प्रियांशु यादव को हिरासत में लिया गया । सख्ती से पूछताछ की गई। उसे जेल भी भेज दिया गया। वहीं किशोरी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक अस्पताल से दो दिन पहले किशोरी की स्थिति में सुधार के बाद चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी। सोमवार तड़के उसकी अचानक तबियत और खराब हो गई। घर पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस पर लापरवाही का आरोप, प्रदर्शन सोमवार सुबह किशोरी की मौत के बाद नाराज परिजनों ने दुबग्गा के आईआईएम रोड पावर हाउस चौराहे पर पहुंचे। वहां शव रखकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिवारीजनों का आरोप है कि वारदात में प्रियांशु के साथ दो और युवक थे। जिनको पुलिस बचा रही है। इसकी जानकारी भी परिवारीजनों ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे परिवारीजनों व ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा ने परिजनों को समझा–बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल प्रकाश सिंह के मुताबिक किशोरी की हालत खराब थी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया था।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मेडिकल कॉलेज का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि द्वितीय वर्ष की कक्षाओं को चलाने के लिए जो भी आधारभूत सुविधाएं होती हैं, उन्हें 15 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए और प्रथम एलओपी के अनुसार कार्य पूर्ण कराये जाएं। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल, जिला विकास



अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी. यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भारत भारती पार्टी की बैठक सम्पन्न : बनाया फ्यूचर प्लान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत भारती पार्टी की बैठक का आयोजन चिनहट स्थित कार्यालय पर किया गया जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। पार्टी की बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया कि पार्टी राजनीतिक,सामाजिक आर्थिक और धार्मिक विषयों पर कार्य करेगी। पार्टी का ध्यान शोषित वंचित वर्गो एवं महिलाओं के अधिकारों




,छात्र छात्राओं की समस्याओं कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण में अपना ध्यान देगी। सभी पदाधिकारियों ने भारत भारतीय पार्टी के अध्यक्ष की बातों पर सहमति जताई। बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं का आगमन हुआ। बैठक में पार्टी के कोषाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी चंदन मिश्रा,बलदेव शर्मा, मनी प्रताप सिंह,राजीव पांडे, पवन गुप्ता, उमाकांत मिश्रा, विनय कश्यप ,सुनील प्रताप सिंह, अजीत अग्रवाल, अनीता श्रीवास्तव, सरदार अजीत सिंह, जितेंद्र कौर, सूरज जौसफ, मनीष सोनी, सूरज साहू ,अमित कुमार सोनी मिश्रा, ओम प्रकाश मौर्या ,अनीता मौर्या, सज्जाद आलम, चंद्रप्रकाश द्विवेदी मोव इमरान, विवेक शुक्ला, विनय कुमार, राधा तिवारी, सुमित कुमार राम वाल्मीकि, सुजीत वाल्मीकि व अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिंग रोकने हेतु उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 टीमें गठित

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। जिलाधिकारी लखनऊ के निर्देश के क्रम में ओवरलोडिंग को रोकने के लिए शहर के 5 मुख्य मार्गों पर उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में 5 टीमों का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत तहसील बख्शी का तालाब टीम के प्रभारी उप जिलाधिकारी गोविंद मौर्य द्वारा रात्रि को अभियान चलाकर ओवरलोडिंग गाड़ियों की



जांच की गई। जिसमें 2 गाड़ियों को ओवरलोड पाया गया। उप जिलाधिकारी गोविंद मौर्य एवं एआरटीओ और इटौंजा पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गई इस कार्यवाही में दो ओवर लोडिंग वाहनों को सीज किया गया।

## थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा द्वारा एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा करातूस के साथ गोविन्दासपुर पुलिया सें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–123/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। नाम पता अभियुक्तगण– 1.राहुल विन्द पुत्र जटाशंकर विन्द निवासी ग्राम सरसरा थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0–1123/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक अवैध तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय, थानाध्यक्ष थाना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.हे0का0 विनोद कुमार सिंह, का0 ओम प्रकाश मिश्रा, का0 गया प्रसाद पटेल, का0 अभिमन्यु यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारी में कांग्रेस : सात जोन में पार्टी कर रही बैठक– कृष्णकांत पाण्डेय

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आगामी निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी इस बार नयी रणनीति के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में है। कांग्रेस पार्टी निकाय चुनावों के लिए पूरे राज्य में जोन वार मीटिंग कर रही है। श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि इन बैठकों में ब्लॉक स्तर तक के सभी विभागों, प्रकोष्ठों, के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। निकाय चुनाव सम्बन्धित होने वाली मीटिंगों के लिए पार्टी ने सात जोन चिन्हित किये हैं जिसमें एक जोन लखनऊ में ये मीटिंग संपन्न हो चुकी है। आगामी 24 मई को बरेली और 25 मई को मेरठ और जालौन में होने वाली है। श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि मीटिंग में जिन बिंदुओं पर बात होनी है वह इस प्रकार हैं। कांग्रेस पार्टी ने निकाय चुनाव लड़ने के लिए कुछ मानक तैयार किये हैं, पार्टी, चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक लोगों से आवेदन फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया अपना रही है, इस आवदेन के साथ चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक व्यक्ति को अपने समर्थन के लिए उचित संख्या में लोगों को जुटाना होगा और उनका पूर्ण विवरण फॉर्म में लिखनी होंगी। यह संख्या अभी तक 300 रखी गयी है। श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि पार्टी ने चुनाव लड़ने के लिए एक लम्बा चौड़ा प्लान तैयार किया है जिसको मीटिंग में सभी लोगों के सामने रखा जा रहा है। इस प्लान में कांग्रेस की पुराने चुनावों में क्या स्थिति थी और उसका विश्लेषण है। साथ ही साथ इस प्लान में ये भी बताया जा रहा है कि पार्टी पहले किन–किन जगहों पर कमजोर रही और उसको कैसे सुधार सकते हैं। इस प्लान में पार्टी ने निकाय चुनाव जीतने के लिए कुछ बिन्दु भी तैयार किये हैं जो कि जनता से सर्वे करके और कुछ खास विशेषज्ञों से बात करके बनाये गए हैं। साथ ही साथ पार्टी ने सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देते हुए आउटरीच को 3 से 4 गुना बढ़ाने का प्लान किया है। इसके लिए हर बूथ पर पार्टी ने एक व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाने का निर्णय किया है और इन ग्रुप को सुचारु रूप से चलाने के लिए खघस टीम तैयार की जा रही है। सोशल मीडिया के अन्य माध्यम जैसे फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के लिए पार्टी ने कुछ खघस प्लान तैयार किये हैं। पार्टी इस बार चुनाव लड़ाने के लिए वार्ड प्रभारी भी नियुक्त करेगी और जिला स्तर तक की ळतपमअंदबम त्मकतमेंस ब्वउउपजजमम (शिकायत निवारण समिति) भी बनाने वाली है। ये कमेटी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुलझाने का काम करेगी साथ ही साथ उनके सुझावों पर भी काम करेगी। श्री पाण्डेय ने अंत में बताया कि पार्टी ने साथ ही साथ डिजिटल मेम्बरशिप कराने का भी निर्णय लिया है। इस मेम्बरशिप ड्राइव के तहत पार्टी ने 1.5 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

## ई रिक्शा डीलर वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में मार्गों पर प्रतिबंध के सम्बन्ध में की गयी प्रेसवार्ता

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। राजधानी के हिन्दनगर स्थित एक पैलेस में ई–रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में ईरिक्शा मार्गों पर प्रतिबन्ध को लेकर एक प्रेसवार्ता की गयी। इसमें लखनऊ एवं आस–पास के जनपदों के सभी डीलर एक मंच पर एकत्रित हुये। उन्होने व्यापार की समस्याओं, ईरिक्शा वाहनों के रूट निर्धारण एवं प्रतिबन्ध, ई वाहन के फायदे व नुकसान, भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहन एवं सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या एवं ई रिक्शा की भूमिका आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। चर्चा में सुभाष चन्द्र शाक्य (डीसीपी ट्रैफिक, लखनऊ), आर.के.द्विवेदी (आरटीओ, लखनऊ) व अनीता शुक्ला (एआरटीओ, लखनऊ) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुज शर्मा (चेयरमैन, ईरिक्शा कमिटी, केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय) वीडियो कान्फ्रैन्स द्वारा शामिल हुये। प्रेसवार्ता में कुछ सुझावों को भी रखा गया– नॉन आई कैट एप्रूव, जर्जर ईरिक्शा को शहर से बिल्कुल हटाया जाये और इनको स्क्रैप कराया जाये। जो भी ईरिक्शा चालक बिना रोड टैक्स दिये और दोबारा इंश्योरेंस कराये बिना चला रहे हैं उनको रिन्यूअल के लिये बाध्य किया जाये। जिन ईरिक्शा चालकों के पास पूरे पेपर हैं उनको ट्रैफिक पुलिस या आरटीओ विभाग की तरफ से एक स्टीकर उपलब्ध कराया जाये और जो स्टीकर लगे ईरिक्शा को शहर में कहीं भी न रोका जाये। इससे लोगों में संदेश



जायेगा और लोग नियमों के तहत वैध कागजों के साथ ईरिक्शा चलायेगें। वीआईपी रूट व मैट्रो रूट पर कुछ नियम व शर्तों के साथ ईरिक्शा चलाने की अनुमति दी जाये। दिन के कुछ व्यस्ततम घंटों में इनको उन रूटों पर बैन किया जा सकता है। एक ईरिक्शा की आयु 5 से 7 वर्ष होती है। इसके बाद उनको सड़क से हटाने के लिये स्क्रैप पॉलिसी बनायी जाये। चर्चा में कहा गया कि हम सभी व्यापारी ईरिक्शा डीलर एसोसिएशन यू.पी. के अन्तर्गत प्रशासन के साथ हर तरह का सहयोग करने एवं आपके कदमों से कदम मिलाकर अपने सुन्दर शहर को और स्वच्छ, सुन्दर एवं प्रदूषण व जाम रहित बनाने के लिये संकल्पित हैं। प्रेसवार्ता के बाद पत्रकारों के लिये सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गयी थी।

## कला की बारीकियों से युवा होंगे रूबरू : बच्चों के मेडिकल और डेंटल चेकअप के लिए लगेगा कैंप

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने आज हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन पर 5 दिवसीय 'ग्रीष्मकालीन कार्यशाला एवं कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया। डिसेबल क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्षय स्क्वाड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) ए.पी. सिंह इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक, कुमार केशव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीकस्वरूप, मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि, दोनों को ही स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आयोजन के पहले दिन, आज हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन पर प्रो. सुखवीर संघल और प्रियम चंद्रा की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर दोनों अतिथि प्रो. सुखवीर संघल एवं प्रियम चन्द्रा की बनाई पेंटिग्स से परिचित हुए। कार्यक्रम का समापन दोनों अतिथियों के संबोधान और विभिन्न कलाकारों की संगीतमय प्रस्तुती के साथ हुआ। 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला एवं प्रदर्शनी के दौरान चित्रकार, डॉ. स्तुति सिंघल वंचित वर्ग के बच्चों को वाश तकनीक से चित्रकला के गुर सिखाएंगी। इसके अलावा बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए मेडिकल और डेंटल चेकअप कैंप भी लगाया जाएगा। यह कार्यशाला 25 मई, 2022 तक चलेगी। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने इस कार्यशाला एवं प्रदर्शनी के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, ''लखनऊ मेट्रो लोगों को विश्व स्तरीय यात्रा सेवा मुहैया कराने



के साथ–साथ प्रतिभाशाली कलाकारों को भी मंच प्रदान कर रहा है। कला की उन्नति और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के संकल्प के तौर पर हमने ये पहल की है, जहां बच्चों को कला की बारीकियों को सीखने का अवसर मिलेगा। वंचित वर्ग के बच्चों के लिए यहां मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा जिसमें उनके शरीर और दांतों के स्वास्थ्य की जांच होगी। इस तरह के आयोजन के बदौलत मिलने वाले प्रोत्साहन से कलाकारों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलती है साथ ही उनका कार्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच पाता है। युवा पीढ़ी में भी रचनात्मकता का विकास होता और समाज के लिए एक सुनहरे भविष्य की बुनियाद तैयार होती है।

## संगत पंगत संगठन राष्ट्रहित व समाजहित के लिए पूरे देश मे कार्य करती हैं : आर .के .सिन्हा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक संगठन संगत पंगत जौनपुर द्वारा पूर्वांचल कायस्थ प्रतिनिधि सम्मेलन व सम्मान समारोह व दिव्य संस्कृतिक प्रोग्राम मंगलम लान मियापुर में जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ ।संचालन राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने किया। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद व संगत पंगत के संस्थापक अध्यक्ष आर के सिन्हा जी ने संबोधित करते हुए कहा कि संगत पंगत संगठन राष्ट्रहित व समाजहित के लिए पूरे देश मे कार्य करती हैं आज इस संगत पंगत में पूरे देश से लोग शामिल हुए जो एक नई सुरवात हैं यह संगठन कायस्थ समाज के साथ साथ हर समाज की सेवा के लिए कटिबद्ध हैं। पूर्व सांसद ने कहा की कायस्थ समाज ने देश की आजादी से लेकर आजतक देश के लिए कार्य कर रही हैं संगत पंगत ने आर के सिन्हा जी का सम्मानित किया। पदमश्री पदमभूषण सुरेंद्र शर्मा अंतरराष्ट्रीय हाश्य कलाकार ने कहा की 77 साल के उम्र में पहली बार जौनपुर आया हु ये जौनपुर का सौभाग्य है की मेरा सौभाग्य है पर मेरे लिए खुशी की बात है श्री शर्मा जी ने अनेक कविता पाठ कर लोगो को हँसाकर लोट पोट कर दिया। संगत पंगत जौनपुर ने कायस्थ रत्न से प्रदेश अध्यक्ष मनोज लाल एडवोकेटवरिष्ठ पत्रकार शशिराज सिन्हा जी, चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा, राष्ट्रीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्व कायस्थ महासंघ प्रशांत श्रीवास्तव एडवोकेट व विश्व हिन्दू संगठन के प्रदेश



संगठन मंत्री मनोज श्रीवास्तव मिर्जापुर, जी न्यूज के यु पी इंचार्ज अवनीश श्रीवास्तव पत्रकार,अरविंद श्रीवास्तव ,सी एम ओ प्रतापगढ़ , डी आई जी जेल श्रीमती शशि श्रीवास्तव कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज सक्सेना कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना पूर्व सूचना आयुक्त ,मनमोहन श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष कायस्थ महासभा,अध्यक्ष लखनऊ पवन भास्कर सुप्रसिद्ध भजन सम्राट पंकज सिन्हा, मुम्बई से आई सुप्रसिद्ध कलाकार सृष्टि सिन्हा शैली गगन को सम्मानित किया गया। जौनपुर रत्न गूगल गर्ल वैष्णवी श्रीवास्तव डांसिंग गर्ल स्तुति स्तुति श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। पूरे मैदान को भव्य तरीके से सजाया गया था विशाल मंच बनाया गया था। जौनपुर के सभी 12 कायस्थ संगठनों के जिलाध्यक्ष अपने अपने पदाधिकारी के साथ परिवार के साथ मौजूद रहे पहली बार जौनपुर में कायस्थों की एकता दिखाई पड़ रही थी। एक से एक बढ़कर झांकियों का भी प्रस्तुति किया गया। उक्त अवशर पर संगत पंगत कार्यक्रम प्रभारी राकेश श्रीवास्तव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार उपाध्यक्ष गण अंकित श्रीवास्तव पत्रकार विजय श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव अतीश श्रीवास्तव बाकी व अनीश श्रीवास्तव संगठन महामंत्री अमित श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट अर्पित आनंद श्रीवास्तव अतीश श्रीवास्तव डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव खुशभु श्रीवास्तव आदि संरक्षक मंडल के संरक्षक पदाधिकारी मौजूद रहे। संगत पंगत कार्यक्रम में पदमश्री सुरेंद्र शर्मा अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष जी के कवि पाठ सुनने हजारो लोग उमड़े।

# अभी चुनाव हैं दूर फिर पेट्रोल–डीजल पर टैक्स में कटौती करने को क्यों हुई मोदी सरकार मजबूर?

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : केन्द्र सरकार की तरफ से शनिवार को आम नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल–डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती करने का फैसला किया गया। केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने कल यानी शनिवार को पेट्रोल पर 8 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 6 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी में कटौती करने का फैसला किया था। आखिरी बार एक्साइज ड्यूटी में कटौती का फैसला तब किया गया था जब उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नजदीक थे। चुनाव परिणाम आते ही पेट्रोल–डीजल से लेकर एलपीजी तक की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला था। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल भी भाजपा पर यही आरोप लगाते हैं कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार चुनाव को देखकर फैसले लेती है। ऐसे में सवाल उठता है कि गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने को हैं तो आखिर क्या वजह है कि केन्द्र सरकार को यह फैसला रुस और यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक अस्थिरता के बीच लेना पड़ा? आइए समझते हैं एक–एक बात। तीन दशक में सबसे अधिक हुई थोक महंगाई दर। अप्रैल के थोक महंगाई दर के आंकड़ों ने सरकार की चिंताओं को बढ़ा दिया। अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए अप्रैल में थोक महंगाई दर 15: के पार पहुंच गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में थोक महंगाई दर 15.08: रही। जोकि पिछले तीन दशक में सबसे अधिक है। बता दें, अप्रैल 2021 से ही थोक महंगाई दर दहाई के पार बनी हुई है। गांवों में बढ़ती महंगाई से लोग बेहाल, शहरों के मुकाबले गांव के लोग महंगाई से अधिक परेशान हैं। आंकड़ों के अनुसार मार्च के महीने में गांव में खुदरा महंगाई दर 7.66: थी। वहीं, अप्रैल के महीने में यह बढ़कर 8.38: हो गई, जबकि एक साल पहले अप्रैल के महीने में गांवों में महंगाई दर 3.75: थी। यानी एक साल बाद मंहगाई दोगुना हो गई। शहरों में महंगाई दर अप्रैल 2022 में 7.09: रही। जोकि गांवों की तुलना में अधिक है। पॉम ऑयल ने बिगाड़ा है रसोई का बजट, रुस और यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनिया भर में खाद्य तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। लेकिन इंडोनेशिया के सरकार द्वारा पॉम ऑयल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद खाद्य तेल की कीमतों में और इजाफा देखने को मिला। हालांकि अब यह प्रतिबंध वहां के सरकार द्वारा हटा लिया गया है। यह फैसला 23 मई से लागू होगा, जिसके बाद उम्मीद है कि खाद्य तेल की कीमतों में कटौती देखने को मिलेगी। मसालों की कीमतों में भी इजाफा हुआ है , वहीं 2021 2022 लाल मिर्च – 140 240, जीरा – 160 240, अजवायन – 170 260, धनिया – 70–100 180,सौंफ – 200 250,काली मिर्च – 480 600 (कीमतें रुपये प्रति किलोग्राम) चौतरफा महंगाई की मार झेल रहे लोगों को राहत देने के लिए हुआ फैसला। एलपीजी, सीएनजी से लेकर नहाने के साबुन तक की कीमतों में बड़ा इजाफा देखने को मिला है। जिसकी वजह से आम जनता बहुत परेशान है। मोदी सरकार की तरफ से आम नागरिकों को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती का फैसला लिया गया है। क्योंकि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का असर अप्रत्यक्ष रूप से सब जगह दिखाई देता है। जैसे मंडी में आने वाली सब्जी की गाड़ी का किराया महंगा होने से सब्जी के दाम में उसका असर साफ दिखता है। सरकार को उम्मीद है कि एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद राज्य भी अपने हिस्से के वैट को घटाएंगे जिससे पेट्रोल और डीजल के दाम और कम होंगे। किसानों ने ली राहत की सांस, डीजल की कीमतों में हुई कटौती की वजह से किसानों ने भी राहत की सांस ली है। धान की फसल लगाने की तैयारियों में जुटे किसान डीजल सस्ता होने पर अब अधिक बचत कर पाएंगे। अन्य फसलों की अपेक्षा धान की फसल को पानी अधिक चाहिए होता है।रसोई गैस पर भी 200 रुपये की सब्सिडी। केन्द्र सरकार की तरफ से पेट्रोल और डीजल के अलावा एलपीजी सिलेंडर पर भी 200 रुपये की सब्सिडी का ऐलान किया गया है। इसका लाभ उज्ज्वला योजना के 9 करोड़ लाभार्थियों को होगा।आरबीआई भी है दबाव में। हाल में रिजर्व बैंक की तरफ से रेपो रेट में भी इजाफा देखने को मिला है। केद्रीय बैंक ने रेपो रेट 40 बीपीएस बढ़ाकर 4.40: कर दिया है। इससे आपकी ईएमआई अब बढ़ जाएगी। बता दें, रिजर्व बैंक को यह फैसला मंहगाई दर को नियंत्रित करने के लिए लिया गया था। आशंका है कि रेपो रेट में एक बार फिर इजाफा हो सकता है।

# हैदर गंज थाने में वांछित पुत्र को पनाह देने वाले लोगों के खिलाफ पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : हैदर गंज थाने में वांछित पुत्र को पनाह देने वाले लोगों के खिलाफ पिता ने दर्ज कराया मुकदमा । हैदरगंज थाना क्षेत्र के गरौली निवासी सुरेंद्र कुमार ने थाने में अपने वांछित पुत्र बृजेश को पनाह देने वाले सुल्तानपुर जनपद के महमूदपुर गांव निवासी राम बुझारत सिंह विजय बहादुर और ज्ञान सिंह के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सुरेंद्र कुमार द्वारा शिकायती पत्र में बताया गया कि उसके पुत्र पर लूट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है जिसकी तलाश पुलिस के साथ वह भी कर रहा था जिसे उक्त व्यक्तियों द्वारा अपने यहां बना दिया गया था मौके पर पहुंचते ही उसका पुत्र भाग निकला । वहीं शनिवार को हैदरगंज पुलिस ने इस मामले में धारा 216 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और कार्यवाही पुलिस में जुट गई है।

# 25 मई से मुख्य मार्गों सहित वार्डो में चार दिवसीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलेगा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रूदौली शहर में 25 मई से मुख्य मार्गों सहित वार्डो में चार दिवसीय अतिक्रमण विरोधी अभियान तहसील,नगरपालिका और पुलिस का सँयुक्त अभियान चलाया जाएगा।उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव की अध्यक्षता में पालिका परिषद रुदौली में व्यापारियों के साथ सम्पन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया। मालूम हो कि शहर वासी जाम की समस्या परेशान है।नगर की पटरियों पर ठेले और दुकानदारों का कब्जा है आए दिन लगने वाले जाम का जिम्मेदार शहर की पटरियों पर खड़े रिक्शा,फलों के ठेले और दुकानदारों के सड़क की पटरियों पर दुकान लगाने पर चर्चा की गई।उपजिलाधिकारी ने बताया कि बुधवार को शहर में चार दिवसीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा।प्रथम चरण में शहर के प्रमुख मार्गो पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को स्वतः अतिक्रमण हटाने का अवसर प्रदान किया जाएगा।उन्होंने कहा दूसरे चरण में प्रमुख मार्गों पर लगे होर्डिंग बैनर अवरोध हटाए जाएंगे।तीसरे चरण में प्रमुख मार्गो पर नाली से नाली तक होने वाले सभी प्रकार के अतिक्रमण हटा दिए जाएंगे।स्वयं से अतिक्रमण न हटाने वाले लोगों से वसूली भी की जाएगी।बताया कि चौथे चरण में अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः अतिक्रमण करने वालों पर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।उन्होंने बताया व्यापारियों व पालिका अध्यक्ष जब्बार अली के साथ हुई बैठक में शहर को अतिक्रमण मुक्त किए जाने पर सहमति बनी है।अधिशासी अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया बैठक में पालिकाध्यक्ष जब्बार अली,मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता,युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# अयोध्या डाकघर के विकास में जिला प्रशासन रोड़ा : वाई श्रेणी का मकान भत्ता से हजारों परिवार होंगे लाभान्वित– गजेन्द्र सिंह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रामनगरीमें डाक विभाग की जमीन के बदले जमीन आवंटन एवं वाई श्रेणी का मकान भत्ता दिलाने के लिए अयोध्या मंडल के राष्ट्रीय डाक कर्मचारी ग्रुप सी संघ के मंडलीय अध्यक्ष राजेश तिवारी, सचिव गजेंद्र कुमार सिंह सचिव करुणेश तिवारी तथा रेल डाक सेवा संघ के सचिव सन्दीप तिवारी की अगुवाई में दर्जनों कर्मचारियों ने सांसद लोकसभा लल्लू सिंह से उनके आवास पर मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा । सांसद लल्लू सिंह ने कर्मचारियों की मांग को स्वीकारते हुए कहा कि अयोध्या में डाकघर हेतु जमीन के लिए उत्तर प्रदेश शासन से वार्ता कर भूमि आवंटित कराकर भव्य डाकघर का निर्माण कराने तथा केन्द्र सरकार से वाई श्रेणी का मकान भत्ता दिलवाने का आस्वासन दिया । इस दौरान मण्डलीय सचिव गजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 1990 में डाक विभाग की भूमि उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने राम कथा पार्क योजना में डाक विभाग की लगभग 11 विस्वा भूमि अधिग्रहित कर मुवावजा कोर्ट में जमा करा दिया है । डाक विभाग 1990 से निशुल्क भूमि के बदले भूमि आवंटन की मांग जिला प्रशासन से लगातार करता आ रहा है परन्तु जिला प्रशासन भूमि आवंटन नही करके अयोध्या में डाक विभाग के विश्व स्तरीय हाइटेक डाकघर तथा हॉलिडे होम के विकास पथ पर रोड़ा बनता आ रहा है जिससे डाक विभाग डाकघर भवन व हॉलिडे होम बनाने से वंचित हो रहा है । दूसरी ओर अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि अयोध्या व मथुरा को एक साथ महानगर निगम तो घोषित किया गया है परन्तु अयोध्या महानगर निगम के अंतर्गत सभी कर्मचारियों को 16% वाई श्रेणी का मकान भत्ता मिलना चाहिए जबकि 9: एक्स श्रेणी का मकान भत्ता ही दिया जा रहा है और मथुरा में कर्मचारियों को वर्ष 2018 से ही 16: वाई श्रेणी का मकान भत्ता मिलने लगा है इससे अयोध्या में वाई श्रेणी का मकान भत्ता मिलने से हजारों परिवार लाभान्वित होंगे । इस दौरान सचिव करुणेश तिवारी व सन्दीप तिवारी ने कहा कि आज हनुमान गढ़ी से सांसद के आवास तक पद यात्रा कर मांग पत्र सौंपा गया और आगे भी मांग पूरी न होने तक संघर्ष जारी रहेगा इस अवसर पर सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, अनुज यादव, अवधेश तिवारी, पंकज सिंह, अवधेश सिंह, जय प्रकाश सिंह, राम उजागिर श्रीवास्तव, रंजीत सिंह , राहुल कुमार , सौरभ सोनी, रामअचल मिश्रा, प्रदीप उपाध्याय सहित दर्जनों मौजूद रहे।

# मौसम हुआ सुहावना : कई जिलों में आंधी के साथ बारिश

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इन दिनों गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। सूरज निकलते ही धरती पर आग के गोले बरसने लगते है। वहीं यूपी में तो भीषण गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये है। लेकिन प्रदेश में शनिवार देर शाम अचानक मौसम बदला कई जिलों में तेज आंधी और बारिश हुई। जिससे लोगो को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।वही, अमरोहा में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। चपेट में आए 7 लोग गंभीर झुलसे, जिनका इलाज जारी है। मथुरा और जालौन में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। कानपुर,मेरठ, मुरादाबाद और प्रयागराज में बारिश हुई। लखनऊ और आसपास इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग अगले दो दिनों तक यूपी में आंधी चल सकती है। कुछ इलाकों में बारिश तेज हो सकती है। तापमान 39 से 42 डिग्री तक रहेगा। प्रदेश के 16 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी है।मौसम विभाग ने भविष्यवाणी कि है कि मौसमी प्रभाव के कारण यूपी में आज–कल में बादल छा सकते हैं और धूल भरी आंधी आ सकती है जिससे यूपीवासी को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। वही, अगले पांच दिनों में तापमान एक से दो डिग्री तक बढ़ने का अनुमान है। 23 मई तक बाराबंकी, बस्ती, गोरखपुर, बरेली, बिजनौर, मुजफ्फरनगर और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। 24 मई को पूरे प्रदेश में बारिश हो सकती है। गर्मी का सितम ही कुछ ऐसा है कि जिन्हें बेहद जरूरी काम है वही बाहर निकल रहे है। जहां एक तरफ भीषण गर्मी की वजह से सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है तो वहीं सड़को की तपिश ने लोगों को छांव ढूढने पर मजबूर कर दिया है। हालात यह है कि प्यास से लोगों के हलक सूख जा रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग शीतल पेय, नारियल पानी और मौसमी फलों का सेवन कर रहे है और ऐसे में लोगों की जेब पर भी गर्मी का असर पड़ रहा है।

# कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू बने मध्य प्रदेश के मंडल जिला चुनाव प्रभारी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू को मध्य प्रदेश के मंडला जिले का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में सांगठनिक चुनाव कराए जा रहे हैं इसी सिलसिले में अयोध्या निवासी प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू को मध्य प्रदेश के मंडला जिले का चुनाव प्रभारी बनाया गया है । उनकी यह नियुक्ति राष्ट्रीय चुनाव संयोजक मधुसूदन मिस्त्री ने की है। उनके मनोनयन पर महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह उग्रसेन मिश्रा उमेश उपाध्याय सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव उमर मुस्तफा रजनीश शर्मा रिशु यादव राकेश तिवारी रमेंद्र त्रिपाठी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# चंद रुपए के लालची नौकरशाहो ने न्यायपालिका सरकार और न्यायालय का उड़ाया मजाक

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : प्रदेश सरकार चाहे जितना आदेश और आदेश जारी करती रहे और सरकार के नौकरशाह सरकार के आदेश यहां तक न्यायालय में विचाराधीन मामले में भी यह चंद रुपए के लालची नौकरशाह से स्वयं न्यायपालिका बनकर सरकार और न्यायालय का मजाक बना दिया है ऐसा ही मामला प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र एवं तहसील मिल्कीपुर का बृजेश मिश्र पुत्र सत्य प्रकाश से जुड़ा हुआ है बृजेश मिश्र के पैतृक मकान इनायतनगर ग्राम सभा मे इनके पिताजी द्वारा बनाया गया कुछ दिन बाद इनायतनगर के पूर्व प्रधान दबंग किस्म ने मकान पर जबरदस्ती कब्जा जमा लिया बृजेश मिश्र के पिता द्वारा मकान खाली कराने की अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के यहां वाद दायर किया जिस पर न्यायालय मकान को सील करने का आदेश दिया न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मकान को सील कर मकान की चाभी माल खाने में जमा कर लिया इधर फैजाबाद रायबरेली मार्ग फोरलेन पर 17मई 2022 को एन एच वालों ने सत्य प्रकाश मिश्रा को बगैर नोटिस दिए ही मकान तोड़ दिया मकान को तोड़े जाने पर दबंग श्यामलाल के पुत्र यादवेंद्र और राकेश ने कोतवाली इनायतनगर और एसडीएम मिल्कीपुर को मोटी रकम मकान को गिरा दिया कारण दोनों व्यक्ति मकान गिराते वक्त कह रहे थे रात में ताला खोलकर सामान निकाल लिया था बाद में सुबह ताला बंद कर दिया जिसका वीडियो साक्ष्य में उक्त बातों से साफ जाहिर है की तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन न्यायालय के आदेश का मजाक उड़ाया कल तहसील दिवस में डीएम ने कहा कि मकान पुनः सील कराएं पर वह आदेश भी दरकिनार कर के साबित कर दिया समाधान दिवस को यदि फसाद दिवस के संज्ञा दी जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी और अब यह देखना है कि पीड़ित बृजेश मिश्रा को कब न्याय मिलता है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला : आमजन के बेहतर स्वास्थ्य और ईलाज के लिए जनपद के सभी पीएचसी पर हुआ आयोजित

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला, आमजन के बेहतर स्वास्थ्य और ईलाज के लिए रविवार को जनपद की सभी पीएचसी पर आयोजित हुआ। कुल पीएचसी–34 मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आम जन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और आरोग्य मेले के सफल संचालन संपन्न हुआ। आरोग्य मेले के सफल संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने पीएचसी मऊ शिवाला और कोटसराय का भ्रमण किया। साथ ही विभागीय अधिकारिओं द्वारा भी विभिन्न पीएचसी पर आयोजित मेले का भ्रमण और निरीक्षण किया गया। जनपद अयोध्या की सभी पीएचसी पर आयोजित आरोग्य मेले में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा इलाज एवम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हासिल करने आए लोगों का ईलाज किया गया और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की गई। मेले में कुल चिकित्सक 94, पैरामेडिकल 332, पुरुष मरीज 711, महिला मरीज 698, बच्चे 294, आयुष्मान कार्ड बने 18, हेल्प डेस्क पर स्क्रीन हुए मरीज 711,कोविड टेस्ट 291 पॉजिटिव 0,आंख के मरीज 8,लिवर के मरीज 33,बुखार के मरीज 55, सांस के मरीज 49, पेट के मरीज 208, शुगर के मरीज 133, चर्म रोग के मरीज 207, टीबी के सस्पेक्टेड मरीज 3, एनीमिया के 23,उच्च रक्तचाप के 38,प्रसव पूर्व जांच 67, कुपोषित चिन्हित एवम ईलाज 10, रेफर 18,मलेरिया जांच 33 पॉजिटिव कोई नहीं।

# प्रोफेसर वन अवध विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा में बनाएंगे कीर्तिमान

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्थित संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर सुल्तानपुर में सहायक प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर 4 शिक्षकों डॉक्टर आदित्य नारायण त्रिपाठी डॉ इन्दू शेखर उपाध्याय डॉ शैलेंद्र प्रसाद पांडे डॉक्टर महिमा द्विवेदी को यूजीसी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नियुक्त पैनल के विद्वान शिक्षा विदो द्वारा इंटरव्यू में दक्ष होने पर प्रोफेसर पदनाम पर प्रोन्नत कर दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आर एन सिंह एवं प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने इसे महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि मानते हुए खुशी जाहिर की और कुलपति के इस सकारात्मक निर्णय का हृदय की गहराइयों से स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा का प्रकाश फैलाकर कीर्तिमान बनायेगे।इस महाविद्यालय की गणना विश्व विद्यालय के प्रतिष्ठित महाविद्यालयो में की जाती है। उपरोक्त उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के विद्वानों और समाजसेवियों ने खुशी का इजहार करते विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में एक बड़ा निर्णय बताया है। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय वरिष्ठ नेता वीर भानु प्रताप सिंह अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ पीयूष रंजन वरिष्ठ भाजपा छात्र नेता कृष्णकांत पांडे दिनकर भाजपा कार्यालय मंत्रि बबलू मिश्रा आदि ने खुशी जाहिर करते हुए शिक्षा जगत में इसे बड़ी उपलब्धि बतायाऔर इसे विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षा के पंख लग जायेगा।

# हादसे में मृतक के स्वजनों से मिले विधायक : पहुचाई आर्थिक सहायता

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : बारात से लौटते वक्त सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत की खबर पाकर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव रविवार को पीड़ित स्वजनों से मिलने शेरपुर गांव पहुँचे।विधायक ने पठान पुरवा मजरे शेरपुर पहुँच कर शोक संवेदना प्रकट किया और आर्थिक मदद पहुचाई।विधायक के साथ रुदौली एसडीएम स्वप्निल यादव व मवई प्रभारी नीरज सिंह भी मौजूद रहे। शुक्रवार की रात मवई थाना क्षेत्र के नेवरा गांव से सैदपुर बारात गई हुई थी। जहाँ से वापस लौट रहे एक ही स्कूटी पर सवार तीन लोग अनियंत्रित होकर माँ कामाख्या भवानी बाबा बाजार मार्ग पर गड्ढे में पलट गए।जिससे पठान पुरवा मजरे शेरपुर गांव निवासी बेनी प्रसाद और उनका पुत्र रामू और दामाद राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।बारातियों की सूचना पर पहुची पुलिस ने तीनों को सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सक ने बेनी प्रसाद और रामु को मृत घोषित कर दिया।वही दामाद राजेश कुमार की भी म्रत्यु दोपहर में इलाज के दौरान हो गई।शनिवार को तीन मौतों से तीन गांव में मातम छा गया। रविवार को सूचना मिलने पर विधायक रामचंद यादव स्वजनों से मिलने पहुँचे उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदान किया।साथ मे गए रुदौली एसडीएम स्वप्निल यादव को पीड़ित परिवार को किसान दुर्घटना बीमा के तहत 4–4 लाख रुपये सहायता दिलाने का निर्देश दिया।वही रामू के परिवार को आवासीय भूमि का पट्टा दिलाये जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व प्रधान तेज तिवारी,श्रवण दुबे, वीरेंद्र शर्मा,पप्पू रावत, राजू शर्मा समेत अन्य मोजूद रहे।

# शादी के तीन दिन बाद मायके आई युवती को लेकर फरार हुआ गैर सम्प्रदाय का युवक

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मवई थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पखवारा पूर्व लापता हुई नवविवाहिता की बरामदगी न होने से मायूस पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गोहार लगाई है।पीड़ित का आरोप मामले में पुलिस संवेदनहीनता बरत रही है। मवई थाना क्षेत्र के बाबाबाजार पुलिस चौकी के अंतर्गत एक गांव से एक युवती का मई माह के पहले सप्ताह में विवाह हो गया।वो तीन दिन बाद ससुराल से अपने मायके आई।और पड़ोस गांव के दूसरे सम्प्रदाय के एक युवक ने उसे बहला फुसलाकर शादी के कीमती जेवरात व नगदी समेत उसे लेकर फरार हो गया।युवती के पिता ने मवई थाना पहुंचकर युवक के विरुद्ध तहरीर दी।पुलिस ने धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये।एक पखवारा से भी अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक बरामदगी नही हुई।जिससे दुखी पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

# रामपुर भगन बाजार में हुआ राष्ट्रीय व्यापार मंडल का गठन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय व्यापार मंडल का गठन रामपुर भगन बाजार में किया गया । जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद मिश्र,प्रदेश महामंत्री दुर्गा प्रसाद शुक्ल, प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा,मंडल अध्यक्ष सुनील कृष्ण, जिला अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव,जिला महामंत्री रामफूल यादव, जिला सचिव अजय साहू, जिला विधिक सलाहकार अरुण मिश्र उपस्थित रहे। प्रदेश एवं जिले आए पदाधिकारियों का स्थानीय व्यापारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया बैठक में रामपुर भगन बाजार में व्यापारियों के हित एवं उनके विकास के लिए होने वाले कार्यों को आए हुए पदाधिकारियों से निवेदन किया गया कि उच्चाधिकारियों से मिलकर बाजार की समस्याओं का निराकरण कराया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से एस पी विश्वकर्मा को अध्यक्ष व दिलीप सैनी को युवा अध्यक्ष साथ ही छोटेलाल कसौधन, जय नाथ सिंह, प्रमोद सिंह को संरक्षक राजेंद्र प्रसाद वर्मा व राम तीरथ कसौधन को उपाध्यक्ष,इरफान अहमद महामंत्री,जियालाल भारती कोषाध्यक्ष,डॉ डीपी प्रजापति संगठन मंत्री,बलजिंदर वर्मा सूचना मंत्री,राकेश वर्मा तेज बहादुर वर्मा मंत्री कपिल देव चौरसिया मंत्री, बबलू कसौधन को मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेश एवं जिले से आए पदाधिकारियों ने सभी व्यापारियों को आश्वस्त किया कि आप अकेले नहीं हैं बाजार से लेकर प्रदेश तक जहां भी व्यापारी हितों की बात आएगी हम सभी लोग जी जान से लड़ेंगे हमारे किसी भी व्यापारी भाई को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। बैठक को जिला उपाध्यक्ष डॉ रवि कांत ,इरफान अहमद प्रमोद सिंह,डीपी प्रजापति,राम तीरथ कसौधन,राजेंद्र प्रसाद वर्मा,जियालाल भारती संबोधित किया। इसी क्रम में जय नाथ सिंह, कृष्णा प्रसाद,चंद्रभान पटेल तेज बहादुर वर्मा, राकेश वर्मा, संदीप, राज बहादुर चौरसिया, बबलू कसौधान, हर्षित कसौधन, राजेंद्र गुप्ता, राधेश्याम साहू,रामकुमार वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा राजकुमार साहू, राम प्रसाद वर्मा, डॉ इंद्रजीत वर्मा सहित दर्जनों की संख्या में व्यापारी गण मौजूद रहे।

# आजम खां नें दिया बयान : कहा– 'एक इंस्पेक्टर ने दी थी जेल में धमकी : आप पर कई केस हैं हो सकता है एनकाउंटर'

मुरादाबाद ब्यूरो : उत्तर प्रदेश की सीतापुर जेल में 26 महीने से अधिक समय गुजारकर अंतरिम जमानत पर रिहा हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां ने अपनी जान को खतरा बताते हुए बड़ा दावा किया है कि उनका एनकाउंटर हो सकता है। दरअसल बीती रात रामपुर में कुछ पत्रकारों से बात करते हुए आजम खां ने दावा किया कि, 'जब उन्हें जेल में एक इंस्पेक्टर धमकी दे सकता है कि भूमिगत हो जाओ। उसने कहा कि आप पर कई केस हैं और आपका एंनकाउंटर हो सकता है। तो इतने खतरों के बीच यह कहना मुश्किल है



कि मेरा सफर क्या है'।

# मंदबुद्धि महिला को पीट–पीटकर तोड़ दी नाक : सत्तीचौरा पुलिस द्वारा नहीं की अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : विकासखंड सोहावल की ग्राम–पंचायत सारंगापुर निवासी तारा देवी पत्नी बब्बन ने रौनाही थानाध्यक्ष के नाम लिखित शिकायती पत्र देते हुये गांव की ही महिला द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिये गये प्रार्थनापत्र में पीड़िता ने बताया है कि विगत 12 मई की रात्रि लगभग 9 बजे वो अपने गांव में महादेव के यहां निमंत्रण से वापस लौट रही थी। तभी पुरानी रंजिश व विवाद के चलते रास्ते में पहले से ही घात लगाकर बैठी गाँव के ही निवासी सुरेंद्र की पत्नी ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर जब घर वाले आने लगे तो उन्हें देखकर वो भद्दीभद्दी गालियां देते हुये भाग गई। पीड़िता का कहना है कि घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सत्तीचौरा पुलिस द्वारा इस प्रकरण में रपट दर्ज होने बावजूद भी, आरोपी को गिरफ्तार करना तो दूर मौका–ए–वारदात का निरीक्षण करना भी उचित नहीं समझा गया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।